कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03.12.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में
पर्सनल ग्रुमिंग कार्यशाला

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास इकाई के तत्वाधान से एक दिवसीय पर्सनल ग्रुमिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग पर्सनल ग्रुमिंग के प्रति अत्यंत जागरूक है और इसकी महत्ता को समझते हैं एवं विशेषज्ञ के मार्गदर्शन से बेहतर लाभ उठा सकते हैं।

प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने बताया की पर्सनल ग्रुमिंग में किसी व्यक्ति को किसी विशेष उद्देश्य या गतिविधि के लिए तैयार करना, जिसके अंतर्गत शारीरिक बनावट की देखभाल करने और एक साफ, स्वच्छ और आकर्षक रूप बनाए रखने के अभ्यास को सदंर्भित करना है। यह उन आदतों को विकसित करने के बारे में है, जो व्यक्तिगत स्वच्छता, उपस्थिति और समग्र कल्याण को बढ़ाती है। उच्च आत्म विश्वास और आत्म सम्मान बनाए रखने में ग्रुमिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। विषय विशेषज्ञ सुश्री कंचन राऊत ने पर्सनल ग्रुमिंग टिप्स, महत्ता और लाभ की विस्तृत जानकारी दी। सौंदर्य विशेषज्ञ सुश्री ममता कुमार ने त्वचा, हेयर, वस्त्र चयन, हेल्दी डाइट आदि की जानकारी दी।

कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन सुश्री तब्बसुम अली ने किया।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

पर्सनल ग्रुमिंग कार्यशाला